अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.10-10/2026-हिं.अ.

दिनांकः 05.11.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषयः स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की दिनांक 01 सितम्बर, 2026 को आयोजित हुई हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर अनुपालनात्मक कार्रवाई करने संबंधी।

उपर्युक्त विषयक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दिनांक 29 सितम्बर, 2026 के कार्यालय ज्ञापन सं. ई. 11016/03/2018-हिंदी (C-8124375) के द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की दिनांक 01 सितम्बर, 2026 को माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का कार्यवृत्त सूचना/आवश्यक कार्रवाई हेतु संस्थान को प्रेषित किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के उक्त कार्यवृत्त की विभिन्न मदों में दर्शाए गए निम्नलिखित बिन्दुओं/निदेशों पर संस्थान द्वारा अनुपालनात्मक कार्रवाई की जानी अपेक्षित हैः-

1. संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिए जाने हेतु नियमित रूप से विशेष हिंदी कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन कार्यशालाओं में विशेषज्ञों को आमंत्रित करके मानक हिंदी, वर्तनी तथा कार्यालयी हिंदी के प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

2. संस्थान में राजभाषा हिंदी से संबंधित रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

3. संस्थान में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा में हिंदी का प्रयोग करते समय प्रचलित तकनीकी अंग्रेजी शब्दों को आवश्यकता के अनुसार देवनागरी में लिप्यंतरित (ट्रांसलिटरेशन) किया जा सकता है।

4. संस्थान में अधिकारियों एवं कार्मिकों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाए। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कार्मिकों को प्रवीणता प्राप्त करने हेतु नियमित प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए कार्यालय में हिंदी में प्रवीण कार्मिकों/अधिकारियों द्वारा सप्ताह में कुछ दिन अपने सहकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

5. संस्थान में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं और हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया जाए।

जारी–2/-

6. संस्थान में हिंदी में प्रकाशित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी पुस्तकों की खरीद बढ़ायी जाए और मेडिकल की पढ़ाई में हिंदी में प्रकाशित पुस्तकें खरीदी जाएं और मेडिकल के क्षेत्र में हिंदी में शोध कार्य करने को प्रेरित किया जाए। हिंदी में शोध कार्य करने वाले अथवा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करने वाले डॉक्टरों को संस्थान में आयोजित की जाने वाली बैठकों में अंग्रेजी के प्रयोग को कम करते हुए सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग किया जाए।

7. संस्थान में सभी विभागों/अनुभाग/केंद्रों के नामपट्ट एवं संकेतकों में हिंदी और अंग्रेजी का प्रयोग किया जाए। इसके साथ-साथ विज्ञापनों एवं प्रचार सामग्री में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ाया जाए।

8. संस्थान की वेबसाइट पर संस्थान के मुख पृष्ठ के साथ-साथ उपलब्ध सभी महत्वपूर्ण लिंक, कार्यालय ज्ञापन एवं अन्य सामग्री हिंदी/ द्विभाषी रूप में भी उपलब्ध करायी जाए।

9. संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभागों/केंद्रों का नियमित रूप से राजभाषायी निरीक्षण किया जाए और कार्यालय में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाए तथा इसमें आवश्यक सुधार किए जाएं।

अत: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति द्वारा उपर्युक्त बिन्दुओं/निदेशों पर लिए गए निर्णयों के अनुपालन में संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभागों/केंद्रों एवं विभागों से अनुरोध है कि उपर्युक्त के संबंध में आवश्यक अनुपालनात्मक कार्रवाई संनिश्चित की जाए।

इसे माननीय निदेशक महोदय के अनुमोदन से आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

दिव्या

(दिव्या यानामदाला)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

वितरण:- संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभाग/केंद्र एवं विभाग।

प्रतिलिपि:-

- निदेशक/संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)/अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के प्रधान निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी/उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा)/ भर्ती प्रकोष्ठ/बी.बी. दीक्षित पुस्तकालय।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव/वैयक्तिक सहायक।
- संयुक्त निदेशक (रा.भा.), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली।
- प्रभारी आचार्य (कंप्यूटर सुविधा) - इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।